## सार-समाचार

### 285 किलो खराब खाद्य सामग्री नष्ट कराई

**भरतपुर** (निस) दीपावली त्यौहार पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर टी शुभ मंगला के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन में शनिवार को शिव नगर भरतपुर स्थित बेकरी शीला फूड प्रोडक्ट्स का निरीक्षण किया जहां पर बेकरी प्रोडक्ट बनाने में प्रयुक्त होने वाले वनस्पति का नमूना लिया जाकर शेष वनस्पति को मौके सीज किया साथ ही शिवनगर स्थित फर्म वेद प्रकाश राजेश कुमार से क्रीम रोल का नमूना लिया गया एवं अवधि पार तथा खराब लगभग 150 किलो टोस्ट नष्ट करवाए गए इसी क्रम में आनंद नगर स्थित सोनपापड़ी बनाने वाले कारखाने अलविस स्वीट हाउस हाउस का निरीक्षण किया गया एवं वहां से एक नमूना सोनपापड़ी का लिया जाकर लगभग 135 किलो पुरानी दूषित सोनपापडी नष्ट कराया करवाई गई मौके पर सफाई एवं हाइजीन संतोषप्रद नहीं पाई गई जिसके लिए फॉर्म को धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस दिया गया नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं आगे की कार्यवाही नमूने का जांच परिणाम प्राप्त होने के पश्चात की जाएगी साथ ही आज भरतपुर शहर में लगने वाले जसवंत प्रदर्शनी मिले में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं एवं चार्ट पकौड़े वालों का निरीक्षण किया एवं उन्हें मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए साफ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ परोसने के संबंध में प्रतिबंधित किया तथा सभी खाद्य विक्रेताओं से ताज खाद्य पदार्थ बनाने के संबंध में निर्देश दिए इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव मौजूद रहे दीपावली त्यौहार को देखते हुए आने वाले दिनों में भी निरीक्षण एवं नमूनीकरण हेतु अभियान जारी रहेगा अभियान के दौरान व्यापारियों से अनुरोध है कि वह साफ सफाई का ध्यान रखें एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ ही जनता को उपयोग हेतु विक्रय करें साथी सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि वह त्योहार मौसम में खाद्य पदार्थ खाद्य पदार्थ खरीदते वक्त पैकेट पर निर्माण तिथि एक्सपायरी तिथि देखकर ही खाद्य पदार्थ खरीदें एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका होने पर जिला कार्यालय खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण पर सूचित करें

### युवा सम्मेलन का आयोजन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। भाजपा युवा मोर्चा जिला सवा माधोपुर ने रविवार को युवा सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन जयपुर बाई पास स्थित पार्थ होटल में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित किया गया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ मुख्य मेहमान और मुख्य वक्ता रहे, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने इसकी अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, प्रधान मंजू गुर्जर, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव और युवा मोर्चा जिला संयोजक विकास सैनी विशिष्ट मेहमान के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर जनसंघ की संस्थापक सदस्य विजयराजे सिंधिया की जयंती पर भी उन्हें नमन किया गया।मुख्य वक्ता विशाल पार्थ ने युवाओं को देश के विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के तहत स्वदेश में निर्मित वस्तुओं के उपयोग को जीवनशैली में शामिल करने पर जोर दिया। पार्थ ने कहा कि अपने गांव, घर, समाज और देश में बनी सामग्री पर विश्वास जताना ही सच्ची स्वदेशी भावना है, जो आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करती है। उन्होंने युवाओं से परिवार और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर और विशिष्ट मेहमान बजरंग लाल जाट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' विचार, वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'राइजिंग राजस्थान' जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में युवाओं की भागीदारी से ही राष्ट्र सशक्त बनेगा। प्रधान मंजू गुर्जर, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव और कार्यक्रम संयोजक विकास सैनी ने भी युवाओं को आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने किय

### थांग-टा टूर्नामेंट शुरू

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। थांग-टा स्टेट एसोसिएशन (राजस्थान) के तत्वावधान में थांग-टा डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन, दौसा द्वारा आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय थांग-टा टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ शनिवार को हिंडौन सिटी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद हिंडौन के चेयरमैन श्री ब्रजेश जाटव एवं पार्षद श्री नरेश पारसर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में थांग-टा राज्य संघ के चेयरमैन श्री दीक्षांत मीना एवं आयोजक सुश्री रजनी सोनी ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।आयोजन अध्यक्ष श्री सूरजभान (सचिव, दौसा थांग-टा एसोसिएशन) तथा श्री बलराम ने टूर्नामेंट के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाई। वहीं थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया से श्री तरुण निशाद एवं श्री सोनू वर्मा ऑब्जर्वर-कम-चीफ रेफरी के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के मुकाबले दोपहर बाद तीन बजे से प्रारंभ हुए, जिनमें सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्गों के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। मुकाबलों में खिलाड़ियों के जोश और ऊर्जा से मैदान गूंज उठा। खिलाड़ियों को प्रारंभिक शिक्षा हिंडौन ब्लॉक के सेवानिवृत खेलकूद प्रभारी श्रीनिवास शर्मा ने भी संबोधित करते हुए उन्हें खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य स्तर पर थांग-टा खेल को बढ़ावा देना एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक बृजराज जी, कृष्ण फुलिया, श्री निवास जी, राजवीर जी, ठाकुर रोहित, जगदीश पाराशर, मुस्कान जी सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### महिला की संदिग्धावस्था में मौत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। निकटवर्ती गांव ताजपुर में रविवार सुबह 40 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो ग । मृतका की पहचान विजयलक्ष्मी राजपूत पत्नी कल्याण सिंह राजपूत निवासी ताजपुर के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7 बजे विजयलक्ष्मी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन गंगापुर सिटी के राजकीय सामान्य अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।तीन बेटियां और एक बेटा, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ विजयलक्ष्मी का पीहर ताजपुर और ससुराल बिदोली (थाना निवाई, जिला टोंक) बताया गया है। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा हैं। अचानक हुई मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। तवाली पुलिस के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### चोरी का आरोपी जेल भेजा

**नदबई/भरतपुर**, (निस)। नदबई क्षेत्र के गांव भौसिंगा से करीब दो माह पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी होने के मामले में नदबई थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार भौसिंगा निवासी पंकज सिंह पुत्र फतेह सिंह को मुखबिर की सूचना पर गांव भौसिंगा से गिरफ्तार किया गया।गौरतलब है कि, 11 अगस्त को पीली निवासी गिर्राज सिंह, अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर गांव भौसिंगा में आया। इसी दौरान देर रात गिरफ्तार आरोपी, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर ले गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी होने पर पीडित ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। हालांकि, अन्य आरोपियों का पुलिस को सुराग नही लग सका।

### रतीराम वर्मा बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रतीराम वर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी ने भरतपुर शहर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी ने रतीराम वर्मा को शहर अध्यक्ष के पद पर अखिल भारतीय कांठोस के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जयहिंद के मार्गदर्शन में राज.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हर सहाय यादव के निर्देश पर जिला कांठोस ओबीसी प्रकोष्ठ में शहर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। एवं कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए हैं। इनकी नियुक्ति से जिले में कांठोस पार्टी व संगठन को मजबूती मिलेगी।

# डॉ. गर्ग के प्रयास से घसौला से बहनेरा तक बनी सड़क

**भरतपुर** (निस) वर्षों से सडक के लिये तरस रहे ग्रामीण क्षेत्र के लोग उस समय खुशी से झुम उठे जब उन्हें पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयासों से नई सडक की सौगात मिली। क्षेत्र के लोगों ने आजादी के करीब 75 साल बाद नई सडक बनने पर डॉ. सुभाष गर्ग का आभार जताते हुये उनका अभिनन्दन किया।

काफी वर्षों से उबड खाबड मार्ग पर होकर निकलने को विवश हो रहे ग्रामीणों की पीडा को विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने समझा और उनकी पीडा को देखते हुये घसौला से बहनेरा तक की करीब दो किलोमीटर लम्बी सडक को बनवाने का मार्ग प्रशस्त किया। रविवार को सडक के बन जाने पर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने इस सडक का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।

इस मार्ग पर सडक के बन जाने से नगला पिचूमरिया, घसौला, बहनेरा, नगला अभयराम, नगला खोहरी सहित दर्जनों गांव के लोगों की राह आसान होगी और अनायास ही नेशनल हाईवे की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। विधायक डॉ. गर्ग ने सडक के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि उनका मकसद है कि जहां भी सडकों के अभाव में लोग परेशान है वहां पर वे किसी भी तरह से सडक का निर्माण कराये क्योंकि जहां सडके होती हैं वहा विकास को गति स्वत: ही मिलने लग जाती है। उन्होंने बताया कि घसौला से बहनेरा तक बनी इस सडक का सीधे ही रूपवास रोड का जुडाव हो सकेगा और जो विद्यार्थी बहनेरा अध्ययन के लिये आते जाते थे उन्हें सुविधा मिल सकेगी।

यह मार्ग वैकल्पिक मार्ग के रूप में तो विकसित होगा ही साथ ही नेशनल हाईवे 21 की वजह से होने वाली अनायास ही दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व प्रथम फेस में घना रोड से घसौला तक की सडक का भी डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयासों से निर्माण कराया गया था और अब घसौला से बहनेरा तक की सडक के और बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की राह आसान होगी और क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार, पूर्व सरपंच सुरेश पाल सिंह, हरिसिंह घसौला सहित घसौला और बहनेरा क्षेत्र की सरदारी उपस्थित रही।

# क्यारदा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। समीपवर्ती ग्राम क्यारदा खुर्द में रविवार को क्यारदा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 64 टीमें भाग ले रही हैं, जिनके कुल 1050 खिलाड़ी मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। निर्मल एजुकेशन ठ्रुप के निदेशक मनीष चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर बल्ले से गेंद खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।इस अवसर पर जाट उप प्रधान श्रवण लाल मीणा, समाज युवा नेता करतार सिंह चौधरी, धीर सिंह चौधरी, कैलाश सिंह चौधरी, रामराज सिंह एवं विमल चंद्र जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का ठ्रामवासियों और आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

गांव के पूर्व क्रिकेटर कमल सिंह एवं वृंदावन सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मनीष चौधरी ने कहा कि पूर्व खिलाड़ियों की याद में आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हैं। यह न केवल उनकी स्मृतियों को जीवंत रखती हैं, बल्कि नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमों का पालन करते हुए पूर्ण खेल भावना से खेलने की अपील की और आयोजन समिति को 21,000 का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। इसी क्रम में ठ्राम पंचायत सरपंच एवं उप प्रधान रामराज मीणा की ओर से भी 21,000 का सहयोग दिया गया। सभी अतिथियों का आयोजन कमेटी के गब्बर सिंह, विशाल, रोहित,संजय, शशिकांत, सागर और राधे सिंह सहित सभी खिलाड़ियों एवं आयोजन कमेटी के पदाधिकारी ने माला और साफा पहनकर स्वागत किया।

## मनो चिकित्सक का सम्मान

**करौली**, (निसं)। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र मे जिले का राज्य स्तर पर सम्मान होना समस्त जिले वासियो के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है। त्रिलोक चन्द माथुर स्टेडियम स्टेडियम मॉर्निंग वॉक कमेटी द्वारा आमजन के मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ्य एवं तनाव मुक्त रखने हेतु समय समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी मे तनाव प्रबंधन हेतु नियमित रूप से प्रात: हंसो- हँसाओ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

राज्य स्तर पर जिले का नाम करने हेतु डॉ प्रेमराज मीना का कमेटी द्वारा साफा माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष भरोसी स्वर्णकार ने कमेटी द्वारा जारी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। पांचना बांध संघर्ष समिति अध्यक्ष नरेंद्र बैसला ने बताया की हंसो हँसाओ कार्यक्रम के बहुत अच्छे एवं सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे है, समय पर तनाव प्रबंधन से बहुत सारे लोगो की शुगर, हाई बीपी की समस्या भी मिट गई है। इस कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना ने बताया की नियमित रूप से हसने से खुशी के हार्मोन एनडोरफिन,सेरौटोनिन का शरीर मे ज़्यदा मात्रा मे स्त्राव होता है जिससे मन को शांति और शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलती है। फिजिशियन डॉ. भरतलाल मीना ने बताया की हर व्यक्ति को शरीर को स्वस्थ्य रखने हेतु रोजाना हंसी मज़ाक के कार्यक्रम मे भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम मे पाँचना बाँध पर्यटक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बैंसला, मॉर्निंग वॉक कमेटी के अध्यक्ष भरोसी स्वर्णकार,देवी सिंह,गोपाल सिंह पूर्व सरपंच रामपुर,प्राचार्य डाइट महेश गुप्ता,हेमंत बाबूजी,लेक्चरर संजय शर्मा,राजकुमार शर्मा बहराई,नर्सिंग अधिकारी मारुती नंदन आदि मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्प्रिंग माउंट स्कूल रहा चैंपियन

**भरतपुर** (निस) भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर छात्र व छात्रा प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सुभाष नगर स्थित स्प्रिंग माउंट स्कूल के खिलाड़ी दोनों वर्गों में चौंपियन रहे। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, जयशंकर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, सचिव एवं नेशनल रेफरी इंजीनियर पीयूष जयशंकर टाईगर, ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, स्प्रिंग माउंट स्कूल निर्देशक एवं प्रतियोगिता संयोजक संध्या गुप्ता, रानी सिंह, प्रधानाध्यापिका दीपिका गुप्ता, नेशनल चौंपियन नेहा शर्मा, नेशनल चौंपियन कृष्ण कुमार शर्मा, लवली माहौर, विशाल, दीक्षा सिंह एवं चारू शर्मा आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने बताया की उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों ने स्प्रिंग माउंट स्कूल सुभाष नगर भरतपुर के विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। जिसमें ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर वर्ग छात्र व छात्रा में सोनल, अवंतिका चौधरी, आख्या राजपूत, साक्ष मंगल, आस्था, अहाना, कनिष्क, मुदित पूनिया, दिविजा, लावण्या, देवांशी, गार्गी, प्रिया, कनक, प्रियांशु, कृत्विक, मुदित, योग्यता, मुस्कान अठावाल, पीहू, जानवी, यशस्वी, योगेश, रितु, वीर, समीर,विराज सिंह फौजदार ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए।

कार्यक्रम में प्रतियोगिता के संयोजक एवं स्कूल निदेशक संध्या गुप्ता ने बताया कि स्प्रिंग माउंट स्कूल सुभाष नगर में जयशंकर टाईगर शिक्षण संस्थान की नेशनल यूनिवर्सिटी चौंपियन लवली माहौर द्वारा स्कूल में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा हारने वाले को कभी हताश नहीं होना चाहिए।स्प्रिंग माउंट स्कूल की निर्देशक रानी सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**जुरहरा/भरतपुर** (निस) क़स्बे के उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन ममता मीना प्रधानाचार्या रा. उ. मा. विद्यालय जुरहरा के मुख्य आतिथ्य, व्याख्याता ललतेश खण्डेलवाल के विशिष्ट आतिथ्य व गीता माहौर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कस्बा निवासी शुभी जैन रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ममता मीना ने अपने सम्बोधन में कहा कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र भक्ति के प्रति बालक के निर्माण में माता की अहम भूमिका होती है और वही बच्चों की पहली गुरु होती है। मुख्य वक्ता शुभि जैन ने कहा कि पर्यावरण एवं परिवार संचालन में व बालक के संस्कार निर्माण में समर्पित भाव से कार्य करने हेतु माता की भूमिका अहम रहती है।

# आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की

**करौली**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय करौली के सभागार में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं थानाधिकारियों की क्राइम बैठक आयोजित की गई।

उन्होने बताया कि क्राइम बैठक में जिले में हाल ही में घटित आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनवाल ने थानाधिकारियों को प्रभावी गश्त, आसूचना तंत्र को सक्रिय बनाए रखने, संगठित अपराधों पर सख्त कार्रवाई करने और जनता से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों की पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं भारत सरकार द्वारा साइबर जागरूकता हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों को शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को साइबर सुरक्षा हेतू जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सोनवाल ने अधिकारियों से आपसी समन्वय, तत्पर कार्रवाई एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।बैठक में साइबर अपराधों, महिला सुरक्षा तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि साइबर अपराधों में तेजी से बढ़ रही घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी थानों में साइबर संबंधी शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई की जाए और आमजन को जागरूक किया जाए।महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त के साथ-साथ 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट एवं 'निर्भया स्क्वायड' की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने हेतु प्रत्येक थाना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों की निगरानी की जाए तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं भड़काऊ सामठी की पहचान कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसन्धान सेल, जिले के समस्त उप अधीक्षक, समस्त थाना प्रभारी, समस्त थानों से आसूचना अधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौबीसा ब्राह्मण समाज का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**सूरौठ**, (निसं)। चौबीसा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ठाहण समारोह रविवार को जिंदल मैरिज होम में आयोजित हुआ, शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा आर डी शर्मा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता अखंड ब्रह्म शक्ति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा (जगर) ने की । मुख्य अतिथि ने कहा समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े हुए ब्राह्मणों को शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे आकर सहयोग करना चाहिए जिससे प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सके और ब्राह्मण का मूल कर्तव्य दशा और दिशा देना है ब्राह्मण हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर चला है।

गोपाल शर्मा ने कहा सामाजिक कुरीतियों को छोडकर एक दूसरे को सहयोग करने की भावना होनी चाहिए। हमें वेदों का अध्ययन करना चाहिए । अतिथियों द्वारा चौबीसा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा व उनकी विस्तारित कार्यकारिणी संरक्षक महेश चंद शर्मा ,बाबूलाल कटरा ,बी डी शर्मा, सभा अध्यक्ष भागीरथ शर्मा कोषाध्यक्ष नरोत्तम शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पहलाद शास्त्री ,बाबूलाल पाराशर, उपाध्यक्ष, दिनेश चंद, सुरेश चंद, लक्ष्मण कुमार,सुरेश चंद्र जोशी, महामंत्री, महेश सहारिया संगठन मंत्री, हरिओम शर्मा, ओम प्रकाश टाइगर, मदन मोहन, राधा मोहन शर्मा, सतीश महंत, मीडिया प्रभारी, प्रमोद तिवारी, नरेंद्र बाबा, ललित शर्मा, टीकाराम शर्मा, रमेश चंद उपाध्याय व अन्य कार्यकारणी पदाधिकारी व सदस्यों को शपथ दिलवाई गई । इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्रपट आगे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । आयोजन कमेटी के सूरोठ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, महामंत्री रमाशंकर शर्मा, पूर्व युवा अध्यक्ष अवधेश शर्मा,सह मंत्री नरेंद्र बाबा, युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रमोद तिवारी पूर्व तहसील महामंत्री वेद प्रकाश शर्मा , घनश्याम व्यास ,पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल परासर, रामावतार शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा , स्वदेश शर्मा विजय शर्मा खेडी ने अतिथियों का माल्यार्पण साफा बंधन कर स्वागत किया। इस अवसर पर फार्मास्यूटिकल एग्जीक्यूटिव, निदेशक न्यूजर्सी (अमेरिका) डॉ ओम प्रकाश शर्मा हिंडौन ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पिंकेश शर्मा, ढिंढोरा सरपंच कीर्ति शर्मा , सर्जन वास्कुलर एंड जर्नल सर्जरी डॉक्टर मंजू शर्मा न्यू जर्सी,(अमेरिका) , हिंडौन ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक शर्मा, हिंडौन शहर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, टोडाभीम अध्यक्ष विनोद शर्मा एवम् सुदामा शर्मा ,बाल घाट अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा, सपोटरा अध्यक्ष महावीर प्रसाद ,, अट्ठाईसा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कंपोटर शर्मा , ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं पार्षद बृज किशोर शर्मा, मठ मंदिर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम पंडा , सुरोठ तहसील ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राम सतीश शर्मा, राधेश्याम पाली, प्रकाश नारायण सहारिया , शशिकांत शर्मा, त्रिलोक शास्त्री, भूपेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह आयोजित

**करौली**, (निसं)। राजस्थान पेशनर समाज जिला शाखा करौली का जिला अधिवेशन एवं वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह गार्डन करौली इन गुलाब बाग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रकाश चंद्र जती द्वारा ईश वंदना से किया गया तत्पश्चात अतिथियो का स्वागत किया गया ।स्वागत गायन दर्शनी लाल शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियो द्वारा प्रगति विवरणिका 2025 -26 का विमोचन किया गया जिला अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा द्वारा गत अधिवेशन एवं सम्मान समारोह पर प्रकाश डाला। प्रगति प्रतिवेदन.अंतर्गत जिले में पेंशनर समाज के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया विमोचन उपरांत प्रगति विवरणिका पुस्तिका समस्त संभागीयगण तथा उप शाखा अध्यक्षों को वितरण की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महारानी रोहिणी कुमारी, विशिष्ट अतिथि डा0 राजरानी शर्मा सभापति नगर परिषद करौली, समाजसेवी सुशील कुमार शर्मा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा ने की।आयोजित वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह अंतर्गत 75 वर्ष से अधिक आयु के 85 पेंशनर्स तथा दो उत्कृष्ट कार्यकर्ता पेंशनरों को अतिथियो द्वारा माला व शॉल पहना कर किया।

## सार-समाचार

### दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**करौली**, (निसं)। आशाकी वाच टावर पर करनपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत निभेरा,राहिर,करनपुर,नानपुर,महाराजपुरा,टोडा, कसेड पंचायत के लोगो का सपोटरा विधायक हंसराज मीना के साथ दीपावली मिलन समारोह एवं आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ। करनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास ने बताया कि उप तहसील करनपुर के क्षेत्र दीपावली मिलन समारोह में सपोटरा विधायक हंसराज मीना मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ किया कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीना, संभाग प्रभारी हेमराज मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ,इंदु जाटव लोक सभा प्रत्याशी आदि विशिष्ट अतिथि रहे सपोटरा विधायक विधायक हंसराज मीना ने लोगो को दीपावली की शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि देश आत्म निर्भर भारत की तेजी से आगे बढ़ रहा है जीएसटी समानता से आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ हुई है लोगो को स्वावलंबन भारत के तहत स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई करनपुर घाटी जिसका भाजपा शासन काल 1992 में तत्कालीन विधायक रंगजी बाबा ने 3 किमी घाटी को 56 लाख रुपए की लागत से बनवाया अब भाजपा शासन में हमारी सरकार ने करनपुर घाटी के पुनर्निमाण के लिए प्रथम बजट में ही 50 करोड़ स्वीकृत करा दिए,घाटी की डीपीआर तैयार हो रही है,निर्माण के टेंडर होते ही घाटी निर्माण शुरू होगा,सपोटरा विधान सभा क्षेत्र में डेड बर्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों को साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए स्वीकृत कराए हैं भकूला नाला एवं करनपुर वालेर सड़क निर्माण भी होगा डांग क्षेत्र में सड़क,बिजली ,पानी की कमी है, क्षेत्र में सौर ऊर्जा से विद्युतीकरण, जल जीवन मिशन से हर घर जल पहुंचाएंगे, लोगो को सुविधाएं मिले इसके लिए मै लगातार प्रयासरत हूं,विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विधायक एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया मंच संचालन हेमराज मीना पूर्व सरपंच ने किया कार्यक्रम में सहभोज दिया गया कार्यक्रम में भाजपा जिला महा मंत्री सुरेश, रमेश राजौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष,अजयपाल,राम निवास मीना मंडल अध्यक्ष करनपुर,रामधन डाबिर ठ्रामीण अध्यक्ष सपोटरा, गंगाराम प्रजापत सचिव ,रूपसिंह गुर्जर ,रामकेश गुर्जर पूर्व सरपंच निभेरा ,रूप चंद मित्तल पूर्व सरपंच करनपुर,केशव मीना पूर्व सरपंच नानपुर,हेमराज मीना पूर्व सरपंच टोडा,पंकज शर्मा मंडरायल,रामनिवास मीना पूर्व सरपंच मांगेपुरा,अमर सिंह पंचोली, लखन डिकौली,लखन गोरेहार,मुन्ना लाल चेयर मैंन प्रतिनिधि सपोटरा,ऋषिकेश सरपंच प्रतिनिधि कैलादेवी,हिम्मत सिंह जादौन, कमल सिमरा,भरतलाल बैरवा,बाबूलाल, राधारमन शर्मा सहित हजारों लोग उपस्थि रहे।

### भोजन के पैकेट वितरित किए

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। लायन्स क्लब इंटरनैशनल के प्रान्त 3233 की गतिविधियों में आयोजित सेवा सप्ताह के तहत रीज़न 11 के अंतर्गत लायंस क्लब गोल्ड ने फ़ूड फॉर हंगर अन्न प्रसादम के अंतर्गत भोजन वितरण का कार्यक्रम बस स्टैंड एवम रेलवे स्टेशन पर रखा गया।रीजन सचिव लायन धर्मेंद्र गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर वाजपे के निर्देशानुसार संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट मैं सेवा सप्ताह शिवांकुर के अंतर्गत किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि रीजन 11 के एमजेएफ लायन विवेक कुमार मीना एडवोकेट के कर कमलों द्वारा फ़ूड फॉर हंगर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 150 भोजन के पैकेट शुद्ध घी की पूडी और आलू की सब्जी के जरूरतमंद व्यक्तियों व प्रभुजनों को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर वितरित किए गए। कार्यक्रम संयोजक लायन दीपक शर्मा और अशोक गुप्ता फर्नीचर को बनाया गया।इस मौक़े पर कार्यक्रम मैं जोन चेयरपर्सन लायन आलोक मालधानी,लायंस क्लब गोल्ड के अध्यक्ष लायन अशोक गोयल संरक्षक लायन विनोद शर्मा एडवोकेट कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, मुकुल खुटामार, अनिल मालधनी,सौरभ मंगल,शहबाज़ आदि लायंस उपस्थिति रहे।

### शर्मा उच्चैन ब्लॉक अध्यक्ष बने

**भरतपुर** (निस) जिलाध्यक्ष होतीलाल जैमन ने बताया कि भरतपुर के ब्लाक सेवर तथा उच्चौन ब्लॉक कार्यकारिणियों का निर्वाचन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महात्मा गांधी एसबीके भरतपुर में प्रांतीय पदाधिकारी अशोक पाराशर प्रांतीय संरक्षक, पवन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, गजेंद्र शर्मा शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें सेवर ब्लाक कार्यकारिणी के निर्वाचन में होतीलाल जैमन चुनाव अधिकारी प्रथम सुधीर कटारा चुनाव अधिकारी द्वितीय तथा राजेश शर्मा पर्यवेक्षक थे। उच्चौन भरतपुर कार्यकारिणी के निर्वाचन में शैलेश मुद्गल चुनाव अधिकारी प्रथम उषा देवी चुनाव अधिकारी द्वितीय तथा पवन शर्मा पर्यवेक्षक रहे। निर्वाचन शांतिपूर्ण तथा निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ । ब्लॉक उच्चौन कार्यकारिणी में राहुल कुमार शर्मा अध्यक्ष, राजेश शर्मा जिला महासमिति सदस्य, हरीश कुमार कोषाध्यक्ष ,लोकेश कुमार दीक्षित उपाध्यक्ष प्रारंभिक शिक्षा ,हेमंत शर्मा उपसभाध्यक्ष ,चंचल गुप्ता मंत्री पद पर नियुक्त हुए। ब्लॉक सेवर कार्यकारिणी में मुकेश कुमार अध्यक्ष, उमेश कुमार गोयल सदस्य जिला महासमिति ,बबीता सैनी महिला मंत्री, खुशबू फौजदार उपाध्यक्ष, सुधीर कटारा सदस्य जिला महासमिति ,राजेश कुमार सदस्य जिला महासमिति ,विनोद कुमार मंत्री, मनोज कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए। प्रांतीय पदाधिकारी अशोक पाराशर पवन शर्मा तथा गजेंद्र शर्मा तथा जिलाध्यक्ष बयाना कृष्ण सिंह बैंसला द्वारा संगठन की रीति नीति कार्य पद्धित से कार्यकारिणियों को अवगत कराया तथा ब्लॉक अध्यक्ष सेवर और उच्चौन द्वारा आगे की कार्य योजना पर विचार व्यक्त किए गए निर्वाचित कार्यकारिणियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। निर्वाचन के समय बच्चू सिंह संरक्षक, मुरारी लाल शर्मा संरक्षक, भरतेश जैमन, जितेंद्र कुमार चंद्रपाल, जगदीश कटारा प्रधानाचार्य, विष्णु दत्त दुबे,सत्येंद्र कुमार रामरतन गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### मुक्केबाजों ने पांच पदक जीते

भरतपुर,(निसं) 9 से 11 अक्टूबर तक राजस्थान बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में जोधपुर में आयोजित 41वीं राजस्थान राज्य स्तरीय सीनीयर पुरूष वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता-2025 में भरतपुर के मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, एक रजत एवं तीन कांस्य पदक के साथ कुल पांच पदक जीते।भरतपुर के बृजमोहन ने 65 कि.ग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, इसी भार वर्ग में बूंदी जिले से खेले नदबई निवासी (भरतपुर) के अजय ने रजत पदक, धर्मेन्द्र ने 60 कि.ग्रा अभिषेक सिंह ने 70 कि.ग्रा, गौरव शर्मा ने 75 कि.ग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। इनके अलावा कुलदीप सिंह, पुनीत फौजदार, योगेन्द्र सिंह, नितिन सोलंकी, तुषार फौजदार, नरेश एवं शुभांशु चौधरी ने प्रतियोगिता में भरतपुर जिले का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# विप्र फाउंडेशन की बैठक आयोजित

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन जोन-1डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने रविवार को हिंडौन एवं बयाना क्षेत्र का सघन संपर्क अभियान संचालित किया। इस दौरान बयाना में एक निजी विद्यालय परिसर में विप्र फाउंडेशन की एक गरिमामयी बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान चैप्टर अध्यक्ष उदयभान शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा का माल्यार्पण, साफ़ा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

अपने उद्बोधन में डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा कि कृविप्र फाउंडेशन का प्रमुख उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। हमें केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए।''उन्होंने बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास हेतु विप्र फाउंडेशन निरंतर ठोस कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में जयपुर में ''परशुराम ज्ञानपीठ दृ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च'' की स्थापना की गई है, जिसका लोकार्पण राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी द्वारा संपन्न हुआ। इस ज्ञानपीठ में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा के साथ-साथ छात्राओं हेतु सुरक्षित छात्रावास की व्यवस्था भी की गई है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि हमें मिलकर समाज सुधार, शिक्षा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में अग्रसर रहना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ सशक्त, स्वावलंबी और गौरवशाली बन सकें।

बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेशचंद शर्मा, करौली जिलाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, दुर्गेश शर्मा, राजाराम उपाध्याय अध्यक्ष बयाना ब्राह्मण समाज सहित योगेश पाराशर, विष्णुदत्त शर्मा, राजेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, निन्नूराम, जीवाराम शर्मा, प्रेमशंकर शर्मा, सुरेश दीक्षित, गोपालराम शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, अनिल उपाध्याय, हरिओम उपाध्याय, गोविंद उपाध्याय, मणिशंकर शर्मा, बलदेव तिवाड़ी एवं अनेक ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।